# जान जोखिम में डालकर निर्माण कार्य करने को मजबूर श्रमिक

## डीडवाना रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण कार्मिक आवास निर्माण जारी

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण कार्मिक आवास निर्माण में जुटे मजदूर जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर है। ठेकेदार द्वारा लेबर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे, जो दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण है।

बता दें कि डीडवाना रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण कार्य हेतु बिजलीघर बनाया जाना प्रस्तावित है। इस बिजलीघर से रेलवे को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने और मेंटेनेंस के लिए डीडवाना में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों हेतु आवास भी बनाए जाने हैं। जानकारी के अनुसार विद्युतीकरण कार्य का टेंडर टाटा इस्कॉन को मिला है और वहां से अन्य ठेकेदारों को सबलेट कर दिया गया है।



**डीडवाना रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकरण कार्मिक आवास निर्माण में जुटे मजदूर।**

यहां निर्माण में अनेक मजदूर कार्यरत है, लेकिन इन मजदूरों को सुरक्षा के लिए ना तो हेलमेट उपलब्ध करवाए गए हैं, ना ही सीमेंट से बचाव के लिए प्लास्टिक बूट दिए गए हैं। हैरत की बात तो यह है कि वर्तमान में भीषण गर्मी और तेज धूप का प्रकोप है, इसके बावजूद खुले आसमान के नीचे बिना हेलमेट के मजदूर काम कर रहे हैं।

- **ठेकेदार की ओर से लेबर सुरक्षा पर नहीं दिया जा रहा ध्यान**

यही नहीं आसपास बिजली के तार भी उलझे पड़े है और चारों ओर सरिए, पत्थर, लोहे की प्लेट, कीलें, सेट्रिंग प्लेट आदि बिखरी पड़ी है, जिसकी वजह से भी हादसे की आशंका रहती है। बिना सुरक्षा उपकरण के कार्यरत इन मजदूरों पर रेलवे अधिकारियों की निगाह न जाती हो ऐसा नहीं हो सकता है, मगर अधिकारियों द्वारा जान बूझकर अनदेखी की जा रही है। इस संबंध में पूर्व में कई बार शिकायतें भी की गई है, मगर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# ज्ञापन देकर फ्यूल सरचार्ज निरस्त करने की मांग

## आगामी विद्युत बिल की राशि जमा नहीं करवाने का निर्णय

**जालोर, (कासं)।** ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम जालोर के अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन देकर फ्यूल सरचार्ज को निरस्त करने हेतु मांग की गई। आम सभा में अपने सभी सदस्यो की सर्व सहमति से यह निर्णय लिया है कि जब तक फ्यूल सरचार्ज एवं अन्य अतिरिक्त चार्ज निरस्त नही किए जाएगे तब तक किसी भी उद्यमी द्वारा आगामी विद्युत के बिल की राशि जमा नही करवाई जाएगी।

इस दौरान सचिव हेमेन्द्र भण्डारी, कोषाध्यक्ष दामोदर भूतडा, सहसचिव चन्द्राराम कुमावत मौजूद रहे। आगामी दिनो में राजस्थान की ग्रेनाईट एवं मार्बल एसोसिएशन के साथ मिलकर इस विषय पर बैठक का आयोजन किया जाएगा। ज्ञापन पश्चात जालोर के बिशनगढ रोड पर बन रही सीसी रोड की ऊँचाई ज्यादा रखने से औद्योगिक प्रथम एवं द्वितीय चरण में जलभराव की आने वाली समस्या के समाधान को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ पदाधिकारीयो द्वारा अवलोकन किया गया।

- **ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन**

वही ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने को जोधपुर विद्युत वितरण निगम जालोर के अधीक्षण अभियन्ता एम.के. व्यास व अधिशाषी अभियंन्ता नारायण सुथार को ज्ञापन देकर फ्यूल सरचार्ज को निरस्त करने के लिए मांग की गई और ज्ञापन के द्वारा उनको अवगत कराया गया कि जब तक सरकार या निगम द्वारा फयूल सरचार्ज निरस्त नही किये जाएगे तब तक कोई भी उद्यमी विद्युत बिल की राशि जमा नही कराएगा। ग्रेनाईट एसोसिएशन की आम सभा में अपने सभी सदस्यो की सर्वसहमति से यह निर्णय लिया है कि जब तक फ्यूल सरचार्ज एवं अन्य अतिरिक्त चार्ज निरस्त नही किए जाएगे तब तक किसी भी उद्यमी द्वारा आगामी विद्युत के बिल की राशि जमा नही करवाई जाएगी। इस दौरान सचिव हेमेन्द्र भण्डारी, कोषाध्यक्ष दामोदर भूतडा, सहसचिव चन्द्राराम कुमावत एवं जेवीवीएनएल, जालोर लेखाधिकारी, उत्तम जी चौधरी मौजूद रहे।

फयूल सरचार्ज को निरस्त करवाने के लिए राजस्थान की सभी ग्रेनाईट, मार्बल, स्टोन व अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने साथ मिलकर इस विषय पर 14 जून को राजसमंद में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें फयूल सरचार्ज को निरस्त करवाने के लिए आगे की सामुहिक रणनीति तय की जाएगी। ज्ञापन पश्चात जालोर के बिशनगढ रोड पर बन रही सीसी रोड की ऊँचाई ज्यादा रखने से औद्योगिक प्रथम एवं द्वितीय चरण में जलभराव की आने वाली समस्या के समाधान को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर एस.के. सिंह के साथ पदाधिकारीयो एवं अन्य उद्यमीयो ने मौके का निरीक्षण किया एवं जलभराव से निजात पाने के लिए नाला या पाईपलाईन डालने का निवेदन किया गया।

# जल जीवन मिशन योजना में भेदभाव का आरोप

**फागी, (निसं)।** कस्बे में जल जीवन मिशन योजना में डाली जा रही पाइप लाइन से किये जा रहे नल कनेक्शनों में हो रहे भेदभाव से आमजन ठगा सा महसूस कर रहा है।

प्रधानमंत्री जलजीवन मिशन योजना में कस्बे में डाली जा रही पाइप लाइन में आलाधिकारी अपने चहेतों या फिर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त ठेकेदार द्वारा बिना योजना से अपनी मनमर्जी से किसी के कनेक्शन कर रहे हैं तो दूसरी ओर पडोसी को भी छोड़ रहे हैं। जहां जलदाय विभाग कार्यालय के पास बसी कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी रामलाल बैरवा की माने तो 15 दिसम्बर 2022 को नल कनेक्शन लेने बाबत 2249 रूपये विभाग में जमा करवा कर रसीद प्राप्त की थी। किन्तु विभाग के कर्मचारी न तो जल कनेक्शन दे पाये हैं और नही राशि वापस लौटाई है जबकि पूरी कॉलोनी में हर घर में कनेक्शन हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सुभाष कॉलोनी के अन्तिम छोर पर घुमंत जाति के कालबेलिया परिवार के पांच घरों को छोड़कर पूरी कॉलोनी में जल कनेक्शन हो चुके हैं। जिसके लिए कालबेलिया परिवार विभाग कार्यालय में सैंकडों बार सहायक अभियन्ता को अपनी पीडा की गुहार लगा चुके हैं।

## एंबुलेंस में अचानक आग लगी

**भरतपुर (निस)।** आरबीएम चिकित्सालय परिसर में ऑक्सीजन गैस प्लांट के पास खड़ी गाड़ियों एवं एंबुलेंस में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। जैसे ही आग लगने की सूचना तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग को मिली तो तुरंत ही उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित एनडीआरएफ के अधिकारियों को घटना की सूचना देकर मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। मंत्री डॉ. गर्ग की सूचना पर फायर बिग्रेड की गाडियां बुलाकर तत्काल ही आग पर काबू पाया। मंत्री की त्वरित कार्रवाई में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# बिपरजॉय तूफान से सतर्क रहने की अपील

**जोधपुर, (कासं)।** मौसम विभाग, आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी बिपरजॉय तूफान, आंधी-तूफान व बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने जोधपुर जिलेवासियों से सावधानी बरतने की अपील की है। जिला कलेक्टर ने लोगों से कहा है कि इस पूर्वानुमान को देखते हुए संभावित तेज आंधी अंधड़ व मेघ गर्जन के दौरान हर स्तर पर सतर्क रहते हुए सावधानी बरतें। जिला कलेक्टर ने इन परिस्थितियों में घरों के अन्दर रहने, बड़े पेड़ों के नीचे और कच्ची दीवारों के पास खड़े न रहने, अंधड़ के दौरान खुले मैदान में होने पर नीचे लेट जाने, पशुओं को पेड़ से नहीं बांधने, घर में बिजली के उपकरणों का संपर्क हटा देने, बिजली के खंभों के पास व नीचे दुपहिया व चारपहिया वाहन खड़ा न करने की हिदायत दी है। यह भी कहा गया है कि जिन घरों में टीन शेड है उनके गेट बंद रखें, बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहे, बिजली के खंभों, तारों व ट्रांसफार्मर आदि से पर्याप्त दूरी बनाए रखें और नजदीकी सुरक्षित स्थलों पर आश्रय लें।

## दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार एवं पोक्सो न्यायालय के विशेष न्यायाधीश ने एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी हरिमोहन मीणा को दोष सिद्ध हो जाने पर विभिन्न धाराओं के तहत मृत्यु पर्यंत आजीवन कारावास व 65हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि सवाई माधोपुर जिले के एक थाने पर नाबालिग पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि आरोपी हरि मोहन मीणा नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठा कर ले गया एवं सवाई माधोपुर के एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायालय ने दोष सिद्ध हो जाने पर आईपीसी की धारा 363 के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास व 5हजार के अर्थदंड से व आईपीसी की धारा 366 के तहत 5 वर्ष का कारावास वह 10हजार के अर्थदंड से एवं 5 (ग)/6 पोक्सो एक्ट के तहत मृत्यु पर्यंत आजीवन कारावास व 50हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# जमादार पर हमले के विरोध में प्रदर्शन किया

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण नगर पालिका सफाई कर्मचारी द्वारा जमादार के साथ मारपीट करने पर सर्व समाज के लोगों ने जुलूस निकालकर उपखण्ड कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

पोकरण मंगलवार को शहर में सर्व समाज के लोगों द्वारा गांधी चौक से मौन जुलूस निकालकर किला रोड महादेव होटल होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका के कर्मचारी जमेदार घनश्याम जोशी के साथ सोमवार को ड्यूटी के दौरान सफाई व्यवस्था की ड्यूटी लगाने के दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा स्टील की रॉड से हमला कर देने के मामले में ज्ञापन सौंपकर मांग रखी कि जमादार जोशी पर हमला करने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग रखकर पुलिस शासन द्वारा दर्ज मुकदमे मैं आरोपियों को गिरफतारी शीघ्र अति शीघ्र करने की मांग की। नगर पालिका कर्मचारी जमेदार जोशी पर हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने पर उग्र आंदोलन की दी गई है।

- **सर्व समाज ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

चेतावनी देते हुए कहा कि शहर की शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि दो दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो पोकरण बंद करने व पालिका कर्मचारियों द्वारा कल पोकरण पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। जिसको लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे सर्व समाज में गहरा रोष व्याप्त है। वहीं आज इस ज्ञापन देने के दौरान सर्व समाज के हर वर्ग के लोग व हर पार्टी के नेता उपस्थित रहे, जहां एक ओर बीजेपी के मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा , पार्षदजितेंद्र दयाल बोहरा जैसे नेता दिखे वहीं कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष नारायण रंगा पार्षद साकडा ब्लॉक अध्यक्ष विजय व्यास युवा जिला अध्यक्ष गोपाल जोशी, राजेश व्यास, जैसे लोग भी एक साथ दिखे।

# उत्कर्ष का रविशंकर ब्लड डोनेशन सेंटर का नींव मुहूर्त सम्पन्न

**जोधपुर, (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा अपने सामाजिक नवाचारों की कडी को आगे बढाते हुए मंगलवार को गीता भवन के सामने तीसरी चौपासनी रोड पर श्री श्री रविशंकर ब्लड डोनेशन सेंटर की नींव रखने का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। सामाजिक हित में स्थापित होने जा रहा अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण यह सेंटर जोधपुर शहर में अपनी तरह का एक अनूठा सेंटर होगा।

ब्लड डोनेशन सेंटर की नींव का मुहूर्त स्वामी रामप्रसाद महाराज ने किया। इस अवसर पर विनीत रूप में उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत, सह संस्थापक तरुण गहलोत सहित बतौर अतिथि जोधपुर के आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर के शिक्षक एवं स्वयंसेवकों में महेंद्र पित्ती, ललित शर्मा, कुसुम कच्छवाहा, राकेश चांडक, कीर्ति चोरडिया, प्रीति भंडारी, दिव्या भारद्वाज, सुनील भारद्वाज, राजलक्ष्मी चौधरी, शशि राठी, कुशल शिवा वैष्णव, अजय चोरडिया, सिद्धान्त चतुर्भुज, निखिल भारद्वाज तथा जय के अलावा रक्तदान



**ब्लड डोनेशन सेंटर की नींव का मुहूर्त स्वामी रामप्रसाद महाराज ने किया।**

स्वयंसेवी संस्थाओं से करण सिंह राठौड, प्रकाश रावल, नरसिंह गहलोत, अशोक गहलोत, रजत गौड, इकबाल खान, वरूण धनाडिया, शिव सोनी, आदेश शर्मा तथा अरु व्यास उपस्थित रहे।

नींव मुहूर्त के अवसर पर स्वामी रामप्रसाद महाराज ने ब्लड डोनेशन सेंटर की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्थायी ब्लड डोनेशन शिविर का यह अनूठा विचार लोगों में रक्तदान के भाव को और अधिक प्रसारित करेगा। वे लोग बधाई के पात्र होते हैं जो जन्मदिन अथवा किसी अन्य शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से दूसरों को भी पुण्य कर्म करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इस ब्लड डोनेशन सेंटर की परिकल्पना को सार्थक करने के लिए उत्कर्ष क्लासेस एवं पूरे गहलोत परिवार को शुभकामनाएँ दी।

नींव मुहूर्त के अवसर पर उत्कर्ष ग्रुप के चेयरमैन डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा से इस ब्लड डोनेशन सेंटर की स्थापना की जा रही है जो कि अपनी विशेषताओं के कारण अनूठा सेंटर साबित होने वाला है। एक अद्भुत नवाचार के तौर पर यहाँ आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को पूर्व नियोजित स्थान पर पहले ध्यान करवाया जाएगा जिससे न केवल उनके भीतर एक नवीन ऊर्जा का संचार होगा बल्कि वे रक्तदान के पवित्र उद्देश्य के प्रति आंतरिक रूप से भी जागरूक हो सकेंगे।

# तीन माह बाद भी कम्पनी ने नहीं बनाया पोली हाउस

**निवाई, (निसं)।** तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पोली हाउस का निर्माण नहीं करने से किसानों को परेशानी उठानी पड रही है। किसान शरीफ मोहम्मद ने बताया कि हार्टिकल्चर विभाग टोंक द्वारा पोली हाउस निर्माण के लिए के लिए 13 मार्च को लॉटरी निकाली गई थी।

जिसमें किसान शरीफ का नाम निकला था। 22 मार्च को किसान ने अपना फार्मर हिस्सा 18 लाख 61 हजार 200 रूपये जमा करवा दिया गया था। उसने बताया कि जय हनुमान कम्पनी का कोटेशन लगाया गया था। कोटेशन पर कम्पनी ने कहा था कि वर्क ऑर्डर जारी होते ही पोली हाउस बना दिया जाएगा। लेकिन तीन माह से अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी कम्पनी द्वारा पोली हाउस का निर्माण नहीं किया गया है। पीडित किसान द्वारा कम्पनी को कॉल किया जाता है तो कॉल रिसिव नहीं किया जाता है। पीड़ित किसान ने बताया कि बैंक से लोन लेकर राशि जमा करवाई गई थी उस पर लगातार ब्याज बढ रहा है। कम्पनी द्वारा कार्य नहीं करने के कारण किसान कर्ज में डूब रहा है। उन्होंने बताया कि यदि बारिश आने से पहले पोली हाउस का निर्माण नहीं हुआ तो फसल भी नहीं लगेंगे और किसान को बहुत नुकसान होगा। इस बाबत पीडित किसान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया, हार्टिकल्चर विभाग कमीश्नर, डिप्टी डायरेक्टर टोंक सहित संबंधित उच्चाधिकारियों को भी शिकायत की है लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकला है।

# हिण्डौन एस.डी.एम. को कारण बताओ नोटिस

## करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जारी किया नोटिस

**करौली, (निसं)।** जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार दक्षिण पशिचम मानसून सक्रिय होने जा रहा है इस संबंध में वर्षा होने की संभावना को देखते हुए समस्त जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारी मानसून पूर्व तैयारियों को समन्वयता के साथ 15 जून से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करे एवं इस संबंध मे अपनी कार्य योजना बनाकर भिजवाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में मानसून पूर्व तैयारी हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर उपखंड अधिकारी हिण्डौन को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद, वन, पशुपालन, पंचायती राज, राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, सानिवि, पुलिस, रसद सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को विभागीय कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिला व ब्लाक स्तर पर वर्षा से पूर्व नालो-नालियों की सफाई करवाने, हॉस्टल व स्कूलों के जलभराव की संभावित जगहों को दुरुस्त करवाने, मडपंपों को ठीक करवाने, प्रतिदिन होने वाली वर्षा कि सूचना देने, वर्षा से होने वाली जन व पशु हानि की सूचना देने, इसके अलावा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश प्रदान कर स्पष्ट रूप से आगाह कर दे कि आने वाले मानसून के समय बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडे तथा अपना मोबाईल सदैव चालू रखें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी वर्षा जनित खतरों को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत आवश्यक इंतजाम पूरे कर एक ऐसा प्लान तैयार करें कि अतिवृष्टि व बाढ़ जनित संभावित जनधन व पशुधन को नुकसान से बचाया जा सके इसके अतिरिक्त उन्होने जिला व ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, मौसम की सूचना एवं मानसून की गतिविधियां नियमित रूप से उपलब्ध कराने, बाढ़ की संभावना में जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण मे सूचनाएं देने, रक्षा पेटियों, रस्सों, मसालों, टोर्चो की व्यवस्था करने एवं उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं व अन्य खाद्य सामग्री के भण्डारण व वितरण की व्यवस्था तथा बाढ़ की स्थिति मे स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से पीड़ित व्यक्तियों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने से संबंधित प्रबंधन करने आदि के निर्देश भी दियें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार,मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋषभ मंडल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ, उपखंड अधिकारी करौली दीपांशु सागवान, सपोटरा यशवंत मीना, टोडाभीम गौरव कुमार मित्तल, नादौती शिवराज मीना, सीएमएचओं डॉ. दिनेश मीना, पीएचईडी के परसराम वर्मा, विकास अधिकारी अनीता मीना, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीना, डीएसओ रामसिंह मीना सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# भरतपुर बीट्स की ओर से आयोजित शिविर में रिकॉर्ड 666 यूनिट रक्तदान

## शिविर का उद्घाटन राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने किया

**भरतपुर, (निस)।** समाजसेवा के क्षेत्र में शहर की अग्रणी संस्था भरतपुर बीट्स की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड 666 यूनिट रक्तदान किया गया। बीट्स के संरक्षक जितेंद्र गोयल ने बताया कि बीट्स का ये 11वां रक्तदान शिविर था। जिसका उदघाटन राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने किया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता अपना घर के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज ने की व शहर के प्रमुख उद्योगपति कृष्णकुमार अग्रवाल व जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष अनुराग गर्ग विशिष्ट अतिथि थे। बीट्स के प्रमुख सदस्य कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि बीट्स के इस शिविर में भी बीट्स ने अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए अपने ही पुराने रक्तदान के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आमजन में इस बार रक्तदान को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ हुआ शिविर रात 8 बजे तक चला।

बीट्स वरिष्ठ सदस्य नरेश जैन ने बताया कि बीट्स ने इस शिविर में रक्तदाता की सुविधा का पूरा ख्याल रखते हुए सारे इंतज़ाम किये गए थे जिसमें वातानुकूलित हॉल में रक्तदान की





**शिविर के दौरान रक्तदान करते लोग।**

व्यवस्था के साथ साथ स्वल्पाहार की भी पूर्ण व्यवस्था की गई थी। बीट्स के प्रमुख सदस्य मनोज झालानी ने बताया कि शिविर में प्रत्येक रक्तदाता को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट व आकर्षक उपहार भी दिया गया, इसके साथ ही शिविर में साथ रक्तदान करने वाली दम्पति को भी आकर्षक उपहार दिया गया। बीट्स के प्रमुख सदस्य सुनील खण्डेलवाल ने बताया कि बीट्स ने पहली बार रक्तदान शिविर में आर बी एम भरतपुर के साथ सतह जयपुर एस एम एस से भी रक्तदान के लिए टीम बुलाई थी। अब बीट्स द्वारा जयपुर एस एम एस में भी जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

बीट्स के वरिष्ठ सदस्य डॉ रोहित भारतीय ने बताया कि बीट्स ने इस बार शहर की 100 समाजसेवियों को भी शिविर में सम्मानित करने के लिए बुलाया था,जिन्हें पटका पहना कर व बीट्स का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि रक्तदान जैसे जीवनरक्षक के कार्य को अभूतपूर्व सफलता से निरन्तर आयोजित करने के लिए बीट्स धन्यवाद का पात्र है। बीट्स ने शहर में एक अलख जगाई है रक्तदान को लेकर आमजन ने जिस उत्साह के साथ लाइन में लगकर रक्तदान किया है वो अपने आप मे बीट्स के प्रयासों की गंभीरता को दर्शाता है।

समारोह के अध्यक्ष अपना घर के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज ने अपने उदबोधन में रक्तदान को महादान बताते हुए इतनी बड़ी संख्या में हुए रक्तदान को एक बीट्स के लिए ही नही शहर के लिए एक उपलब्धि बताते हुए बीट्स के प्रत्येक सदस्य का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे कृष्ण कुमार अग्रवाल, यश अग्रवाल, राजेश मित्तल, मोहन लाल मित्तल, ओंकार सिंह संधू, नीलकमल गेरा, विष्णु लोहिया, सीताराम गुप्ता आदि ने बीट्स की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए रक्तदान के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम का समापन डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्यातिथ्य में 666 यूनिट रक्तदान का प्रतीकात्मक केक काट कर किया गया।